हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025



04 बिल्डिंग में लगी आग से रेस्क्यू कर लोगों को...



07 वेतन नहीं मिलने पर नपा कर्मियों ने सड़क पर...



## खबर संक्षेप

### निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज होगा आयुष्मान से

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

### अब भू-अधिकार ऋण पुस्तिका ऑनलाईन

**सागर।** किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि सुविधाजनक रूप से किए गए बदलाव का ई-तकनीक के माध्यम से लाभ उठाएँ और परेशानी से बचें।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा।

## खुरई के कई वार्डों में भी 55 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# विधायक भूपेंद्र सिंह ने दस करोड़ से बने गीता भवन का भूमिपूजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई

पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में 10 करोड़ की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गीता के ज्ञान से प्रकाशित यह भवन यह धर्म, ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में उन्होंने फुटबाल के राष्ट्रीय टूर्नामेंट में राज्य स्तर से चयनित खुरई की छात्रा जयपंत को अपनी और से 25 हजार की राशि, मेडल और शाल श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई नपा क्षेत्र में गीता भवन की स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित युवाओं, छात्र छात्राओं से कहा कि ज्ञान व शिक्षा के लिए गीता विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। गीता जी से जीवन जीने की कला मिलती है, जिससे दुनिया में अनेक जीवन संवर गये। गीता भवन ज्ञान का मंदिर बनेगा। उन्होंने बेटियों से कहा कि अच्छी शिक्षा, खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जिस फील्ड में जिसकी रुचि हो उस पर फोकस कर आप आगे बढ़िए। कैरियर की फील्ड चुनने में माता पिता की इच्छा से ज्यादा स्वयं की रुचि को महत्व देकर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी श्रेष्ठ विद्वान, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, चिकित्सक गरीबी और संघर्षों से निकल कर सफल हुए हैं। ऐसे सफल लोगों को अपना आदर्श बनाएं और स्मरण रखें कि व्यक्ति की पूजा उसकी जाति और धन से नहीं होती ब्लकि शिक्षा और योग्यता से होती है।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खुरई में बेहतर स्कूल, नये पाठ्यक्रमों वाले कालेज, बहुत से जिम, इंडोर स्टेडियम, बेडमिंटन कोर्ट्स बनाए गए हैं ताकि आपकी सफलता का मार्ग बने। आपको प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस वर्षों में एकमात्र कृषि महाविद्यालय खुरई में खोला गया है। 15 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बन रहा है। हमारा सपना यहां यूनिवर्सिटी और मेडीकल कालेज बनाना है जिसे हम सभी सच होते देखेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार तीन वर्षों से खुरई स्वच्छता में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि हनौता बांध के पास 25 एकड़ में बन रहे पिकनिक स्पाट में वाटर स्पोर्ट्स, बच्चों का मनोरंजन, रेस्तरां जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जहां परिवार सहित पर्यटन हेतु जा सकेगा। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा खुरई में जो भी परिवार आवासीय पट्टों से वंचित रह गए हैं उनके सर्वे का काम 31 दिसंबर तक चलेगा। आप सभी वार्ड मुहर्रिर, पटवारी से संपर्क कर अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। कठिनाई होने पर एसडीएम, सीएमओ, पार्षद से मदद ले सकते हैं। उन्होंने सभी भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से कहा कि सभी सर्वे कार्य में वंचितों के नाम जुड़वाने में सहयोग करें। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जगदीशपुरा स्थित औद्योगिक विकास साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बीना नदी परियोजना का पानी आते ही उद्योग और कारखानों की स्थापना बड़े पैमाने पर आरंभ होगी। खेती किसानी में समृद्धि आएगी जिससे सभी को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने गुरूनानक वार्ड में 35 लाख की लागत से सीसी रोड तथा नाली निर्माण कार्य और 20 लाख की लागत से आंबेडकर चैराहा से गायत्री मंदिर भूसा मंडी तक बीटी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने एकीकृत शास कन्या माध्यमिक शाला की छात्राओं के आग्रह पर इस स्कूल का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्कूल के नवनिर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खुरई में एक ऐसा भव्य मंदिर भविष्य में निर्मित कराएंगे जिसके दर्शन करने देश भर से श्रद्धालु खुरई आएं। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी उपस्थित जनों को सागर के रुद्राक्ष धाम मंदिर में नवनिर्मित दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर की आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी को आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा में सपरिवार पधारने का आग्रह किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ पार्षद देशराज यादव, मनोज राय तथा रामशास्त्री शुक्ला ने भी संबोधित किया। कन्यापूजन के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ, संचालन वरिष्ठ पार्षद नीतिराज पटेल व विकास पांडे ने किया। आभार बलराम यादव ने व्यक्त किया।

## गांव की महिलाओं का गुस्सा फूटा! अवैध शराब भट्टी पकड़ी सड़क पर बैरल रखकर जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। गांव में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने खुद अवैध शराब की भट्टी पकड़ी,बैरल सड़क पर रख दिए और फिर रात में चक्का जाम कर दिया। प्रशासन मौके पर पहुंचा तो मामला और गर्मा गया। गढ़ाकोटा के ग्राम चौरई में सोमवार रात महिलाओं का गुस्सा चरम पर फूट पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद कुछ लोग महुआ की कच्ची शराब बनाकर खुलेआम बेच रहे थे।

कई बार रोकने और समझाने पर भी आरोपी बाज नहीं आए, उल्टा महिलाओं से गाली-गलौज और धमकियां तक देने लगे। गांव की दर्जनों महिलाएं और ग्रामीण कच्ची शराब भरे प्लास्टिक के पिक्के (बैरल) उठाकर सड़क पर ले आए और रहलीझगढ़ाकोटा मार्ग पर जाम लगा दिया। महिलाएं प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़ गईं। उनका कहना था कि शराबबंदी होते हुए भी गांव में अवैध शराब बिकना बंद नहीं हो रही है, और इससे परिवार और युवा लगातार प्रभावित हो रहे हैं। जाम की सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा थाना प्रभारी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से बात की और पता किया कि आरोप किन लोगों पर लग रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि गांव के ही पांच व्यक्ति अवैध रूप से महुआ की कच्ची शराब तैयार कर बेच रहे हैं। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों पर अवैध शराब बनाने और बेचने का मामला दर्ज किया और कच्ची शराब के बैरल जब्त कर लिए। कार्रवाई होते ही महिलाओं ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और सड़क यातायात सामान्य हो गया। गांव में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं की इस एकजुटता ने प्रशासन को भी चौंका दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी तो वे दोबारा भी इसी तरह विरोध करेंगे।

## संतुलित आहार और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन



**सागर।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित कार्यक्रम के तहत सांदीपनि विद्यालय रहली के उत्कृष्ट सभागार में विद्यार्थियों द्वारा संतुलित आहार एवं विज्ञान के प्रोजेक्ट एवम मॉडल के स्टॉल लगाए गए कार्यक्रम की संयोजक सपना रजक, साक्षी जैन स्नेहलता जैन एवं ऋची जैन ने संतुलित आहार प्रदर्शनी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है जो कि हमें स्वच्छ और संतुलित आहार से प्राप्त होता है।

नवीन शिक्षा पद्धति में छात्रों को किताबी ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान की ज़्यादा जरूरत है जिससे वो अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। संतुलित आहार मेला में अंकुरित अनाज, गेहूं की खीर , इडली,कस्टर्ड , फ्रूट सलाद, लेमन मिंट टी, टमाटर सूप, गाजर का हलवा के स्टॉल लगाए। विज्ञान के क्रियाशील मॉडल में जंतु कोशिका, मानव कोशिका, भूकंप सूचक यंत्र, श्वसन तंत्र एवं डी एन ए के क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए,विभिन्न चार्ट एवं पोस्टर के माध्यम से संतुलित आहार की उपयोगिता एवं विज्ञान मॉडलों की जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली प्राचार्य विजय कुमार पचौरी एवं सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे,नीरज नेमा द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें रेखा चौरसिया, मनीष शास्त्री, कमलेश चौबे, शैलेंद्र जैन,संतोष जैन,विश्वेश्वर सिंह ठाकुर,ज्योति राजावत, यशी पटेरिया, लकी लक्षकार,देवेंद्र कतरोलिया, सचिन शुक्ला, प्रवीण सिंघई, आदि मौजूद थे।

### दो बाइक आपस में टकराई चार की मौत, एक घायल

**सागर।** जिले में सागर - कानपुर हाईवे पर एक दर्दनाक हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। और एक घायल हो गया। सागर कानपुर हाईवे पर सोमवार की रात को बंडा के ग्राम रुरावन के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही छानबीला थाना पुलिस और एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि मौके पर पहुंचे। मामले की जांच शुरू की। शवों का पंचनामा बनाकर बंडा अस्पताल भेजे गए हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सागर-कानपुर हाईवे पर एक बाइक बंडा से शाहगढ़ की ओर जा रही थी। तभी दूसरी बाइक शाहगढ़ से बंडा की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोनों बाइकों में ग्राम रुरावन के पास आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सड़क पर यातायात रोका गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के कारणों की जांच शुरू की है। छानबीला पुलिस के मुताबिक कि बाइकों की टक्कर में चार लोगों की मौत हुई है। प्राथमिक जांच में दो मृतक बंडा के और दो छानबीला के होना बताए जा रहे हैं। मृतकों में गौरव और आनंद शामिल हैं। मामले में शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। मृतकों की पहचान के लिए आसपास जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान रोड पर जाम लग गया।

### श्रमदान अभियान में भागीदारी करने पहुँचे जागरूक नागरिकों ने बदली तस्वीर

## मुक्तिधाम का काया-कल्प करने अधिवक्ताओं ने पसीना बहाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

देवरी नगर के संगमघाट बड़ा पुल मुक्तिधाम के सौन्दर्यीकरण के लिए विगत 13 दिवसों से चल रहे श्रमदान अभियान में नगर के देवरी नगर एवं क्षेत्र के समाजसेवी एवं जागरूक नागरिक आगे आकर भागीदारी कर रहे है। विगत शनिवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने मुक्तिधाम पहुँचकर परिसर में साफ सफाई एवं पिचिंग कार्य में अपना पसीना बहाया। सुबह से दोपहर तक चले इस श्रमदान में लगभग एक दर्जन अधिवक्ता साथियों ने काया-कल्प कार्य में योगदान दिया।

देवरी नगर के मुक्तिधामों को साफ-सुथरा एवं सुन्दर बनाने के लिए जनभागीदारी से चल रही मुहिम अब जोर पकड़ रही है। नगर के कौशल किशोर मुक्तिधाम, तिलक वार्ड मुक्तिधाम के काया-कल्प के बाद झुनकू वार्ड संगम घाट मुक्तिधाम में भी जन भागीदारी से चल रहे प्रयास अब अपना रंग दिखा रहे है। विगत 13 दिवसो से चल रहे इस श्रमदान अभियान में शमशान परिसर की साफ सफाई, समतलीकरण, रंग-रोगन, वृक्षों को संरक्षित करने के साथ परिसर की फेंसिंग एवं मुख्य सड़क एवं पहुंच मार्ग की पिचिंग कार्य में नागरिकों द्वारा आगे आकर सहयोग किया जा रहा है।

गत शनिवार को अधिवक्ता संघ देवरी अध्यक्ष मिथलेश ब्रम्हपुरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश सोनी, सदाशिव भागवत, प्रदीप जोशी, लीलाधर यादव, कमलेश मिश्रा, पवन मिश्रा, संजय पस्टारिया, आनंद मोहन यादव, प्रदीप श्रीवास्तव एवं महंत श्री राजू महाराज, राजेश दुबे, शमशान समिति के राजकुमार बृजपुरिया, आनंद जैन, सतीष अरेले, रजनीश जैन, महेन्द्र जाटव, विजय टुला, नीरज तिवारी, नितिन ठाकुर सहित अन्य नागरिकों ने श्रमदान कार्य में भाग लिया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने करें आवेदन

**ललितपुर।** प्रभारी सीएमओ डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार प्रत्येक बुधवार को मेडिकल कॉलेज के कमरा 25 में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण करते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदनकर्ता को किसी भी बुधवार को मेडिकल कॉलेज जाकर कमरा नम्बर 25 में चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तदुपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवा सकते है। सीएमओ कार्यालय द्वारा दिव्यांग प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया निशुल्क है। जिले में 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 8720 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। प्रभारी सीएमओ ने सभी पात्र लाभार्थियों से दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।

### मरीजों को जीवनशैली सुधारना बताया

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ.राम शबद यादव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर-योग प्रशिक्षक रामू कांत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय वृद्धजन आश्रम में वृद्धजनों को योगासन एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया मरीजों को यौगिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परामर्श एवं जीवनशैली सुधार के उपाय प्रदान किए। योग अपनाएँ स्वस्थ, निरोगी और संतुलित जीवन पाएँ। मैनेजर दामोदर शर्मा, केयर टेकर रूपेश परिहार, समा बनो रेनू, दीपक रसोइया कल्पना और पुष्पा आदि मौजूद रहे।

### पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती पर होगी रामकथा

**विदिशा।** धर्मदिवाकर पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती महोत्सव पर ध्वजारोहण एवं श्रीरामकथा का आयोजन 10 दिसंबर 16 दिसंबर तक होगी। बजरंग शरण महाराज कथा करेंगे। कथा का आयोजन चौपड़ा स्थित व्यायाम शाला परिसर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा। 13 दिसंबर को शाम 4 बजे से चौपड़ा से रामलीला तक शास्त्री जी की मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामलीला में ध्वजारोहण होगा।

### किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**विदिशा।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 16 महामंत्री सहित 28 सचिवों के नामों की सूची कर दी है। यह सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की स्वीकृति मिलने के बाद जारी की गईं हैं।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक संपन्न

**ग्यारसपुर।** युवा ब्राह्म्ण विकास परिषद की बैठक में सर्व समिति से ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष लकी शर्मा व मंडल प्रभारी अजय शर्मा जी को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष बागेश मिश्रा के द्वारा की गई।

### टक्कर मार भागी एंबुलेंस राहगीर ने बचाया

**विदिशा।** सोमवार रात करीब 8 बजे सिविल लाइन पुलिस थाना अंतर्गत सौंठिया मार्ग पर राहगीर अनिल राजपूत को प्राइवेट एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मारी और टक्कर मारने के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। समाजसेवी आदर्श तिवारी, देव शर्मा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। और घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायल की हालत अत्यंत गंभीर थी और उसकी एक पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया।

---

### एमबीबीएस छात्राओं ने मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित व्याख्यान की प्रदर्शनी लगाई

# महिला आयोग अध्यक्ष ने मनाया कन्या जन्मोत्सव, अन्नप्राशन व गोद भराई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

डा बबीता सिंह चौहान, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता, महिला आयोग सदस्य (शअर्चना पटेल) मुख्य अतिथि, मुख्य विकारा अधिकारी (शेषनाथ सिंह चौहान) विशिष्ठ अतिथि, संयोजक प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा गजेन्द्र सिंह, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला पुरुष / महिला चिकित्सालय ललितपुर में कन्या जन्मोत्सव, अन्नप्राशन एवं गोद भराई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डा गंयक कुमार शुक्ला द्वारा डा बबीता सिंह चौहान, महिला आयोग अध्यक्ष का स्वागत किया गया। उपरान्त महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा जिला प्रोबीजन/जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा लगायी गई प्रदशनी का जायजा लिया गया एवं महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बहुत ही मनमोहन प्रदर्शनी लगायी गयी है। इसके पश्चात उप प्रधानाचार्य डा श्रुति सिंह ने चिकित्सा महाविद्यालय की एमबीबीएस छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित व्याख्यान की प्रदर्शनी जो विकित्सा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बनायी गयी थी उसका अवलोकन कराया गया। जिस पर महिला अयोग अध्यक्ष रागस्त एमबीबीएस छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं बताया कि आप लोगों के द्वारा बहुत ही मनगोहन प्रदशर्नी लगायी गयी है। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित महिला आयोग अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सालय में जन्गी कन्याओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कन्या जन्मोत्सव के उपरान्त महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा गभर्वती महिलाओं की गोद भराई का कार्यकम किया गया। गोद भराई कार्यकम के पश्चात छः माह के बच्चों को खीर खिलाते हुये अन्नप्राशन कार्यकम किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सालय में जन्मी समस्त कन्याओं को महिला आयोग अध्यक्ष एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा ड्रायफूड, गर्म कपड़े, एक पेड बच्ची के लिए एवं मिठाई इत्यादिं वितरित की गयी। महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से पूछा गया कि इस तरह के कार्यक्रम पहले कभी हुये है और बताया गया कि मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ उ०प्र० शासन द्वारा महिलाओं के लिए इस तरह की महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही है। ताकि बच्चियों के जन्म से लेकर शिक्षा दिक्षा, शादी अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सरकार द्वारा मुहईयां करायी जा रही है। जिससे बच्चियों को बोन न समझें। इसके उपरान्त प्रधानाचार्य डा मंयक कुमार शुक्ला द्वारा महिला आयोग अध्यक्ष डा बबीता सिंह को धन्यवाद ज्ञापन करते हुये चिकित्सा महाविद्यालय में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकार दी गयी जिस पर महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई दी गयी साथ ही यह भी कहा गया कि इस छोटे जनपद में इस तरह के आयोजन की इतनी अच्छी एवं उत्तम व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य एंव पूरी टीम को इस सहरानीय कार्य के लिए बधाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन नन्दलाल सिंह, जिला प्रोबीजन अधिकारी एवं श्री नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के उपरान्त राज्य महिला आयोग अध्यक्ष एवं महिला आयोग सदस्य द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी विभाग में भर्ती महिलाओं से चिकित्सालय में दी जाने वाली सुविधाओं के वारे में जानकारी ली गयी। प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुये पूछा गया कि चिकित्सालय में कितने प्रसव होते है। जिस पर विभागाध्यक्ष डा० प्रांसी असाटी एवं सहायक अचार्य डा शिखा राजपूत द्वारा बताया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय में 15 से 20 नार्मल प्रसव एवं 2-3 सिजेरियन प्रसव होते है। इसके पश्चात सर्जीकल वार्ड का भ्रमण किया गया एवं भर्ती महिलाओं से उपचार एवं सेवाओं के बारे में जानकारी ली गयी। जिस पर भर्ती महिलाओं द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में समस्त सेवायें बहुत अच्छी एवं निःशुल्क प्राप्त हो रही है। चिकित्सक एवं स्टाफ का व्यवहार भी बहुत अच्छा है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय की सेवायें दुरूस्त एवं अच्छी पायी गयी। कार्यक्रम के दौरान डा मुधरेन्द्र सिंह माइकोबायोलॉजी विभाग, डा आकृति यादव विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक विभाग, डा पवन सूद वरिष्ठ फिजीशियन, डा विशाल जैन मीडिया प्रभारी, डा डीबी सिंह बालरोग विशेषज्ञ, डा आलोक तिवारी, बालरोग विशेषज्ञ, डा मनीष कुमार बालरोग विशेषज्ञ, नीरज कुमार जिला कार्यकम अधिकारी, चिकित्सालय नर्सिंग स्टाफ, महेन्द्र पटेल हेल्प डेस्क मैनेजर वन स्टॉप सेंटर मैनेजर व स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहे।

---

### स्थापना दिवस पर नागरिक सुरक्षा कोर मार्क ड्रिल संपन्न

# बिल्डिंग में लगी आग से रेस्क्यू कर लोगों को बचाना बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आपदा से बचाव व उसके प्रकार बताए

जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित नागरिक सुरक्षा विभाग ललितपुर में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व मुख्य अग्निशमन विभाग अधिकारी तथा उनकी टीम के साथ व स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्काउट गाइड एनसीसी आपदा मित्र आपदा सखी नागरिक सुरक्षा को कर्मचारी व स्वयंसेवकों के समन्वय से मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन पर चर्चा तथा जन जागरण के कार्यक्रमों के साथ आयोजन किया गया अंकुर श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी द्वारा अग्निकांड आपदा तथा किसी भी घटना दुर्घटना के समय त्वरित कार्यवाही किस प्रकार किया जाना है उसे पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा राजीव गुप्ता अग्निकांड आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल कर आम जनमानस को एवं छात्र-छात्राओं वॉलंटियर्स को जागरूक किया गया।

आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ के संचालन में कार्यक्रम का शुरूआत किया गया उनके द्वारा अग्निकांड आपदा से किस तरीके से आग बुझाने सही होता है तथा किसी बिल्डिंग में लगी आग में किस तरह रेस्क्यू कर लोगों को बचाया जा सकता है अग्निकांड आपदा से बचाव व उसके प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही डॉ राजीव गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के साथ प्रभावित व्यक्ति को यदि सीपीआर की जरूरत होती है तो सीपीआर देने का भी विस्तृत जानकारी दी गई किसी भी आपदा के समय में क्या करें क्या न करें किसी घटना दुर्घटना पर हमारे वॉलिंटियर्स किस तरह अपना सहयोग कर सकते हैं और किस तरह भागीदारी निभा सकते हैं इस पर विस्तृत जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी स्वास्थ्य विभाग से डॉ राजीव गुप्ता तथा अग्निशमन विभाग की टीम के साथ रामपाल व मदन लाल व उनकी टीम स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस टीम तथा एनसीसी प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला बनी इंटर कॉलेज तथा रमेश कुमार तिवारी बनी जैन इंटर कॉलेज प्रवक्ता स्कॉउट गाइड तथा नेहरू महाविद्यालय से डॉक्टर राजीव कुमार निरंजन डॉ दीपक कुमार पाठक तथा आपदा मित्र सीसी स्काउट गाइड सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तथा आपदा प्रबंधन स्टाफ व नागरिक सुरक्षा विभाग का स्टाफ सहित लगभग 200 लोग उपस्थित रहे।

---

### मामला निपटाने दिए आदेश

# जनसुनवाई में बुजुर्ग महिला की एसपी ने सुनी फरियाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय में आयीं।

उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर सूक्ष्म जलपान कराया गया व उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उक्त बुजुर्ग महिला द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उसके पोते द्वारा मकान में निवास करने को लेकर वाद-विवाद किये जाने का विवरण अंकित है। पुलिस अधीक्षक ने उक्त शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। बुजुर्ग महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की जनसुनवाई के दौरान उपस्थित आम जन-मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

---

# पत्रकार तिवारी की पुण्य तिथि पर बबेले ने रक्तदान व याद कर दी उन्हें श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद के वरिष्ठ पत्रकार पंडित रामजी लाल तिवारी की पुण्य तिथि पर रविवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।

जहां पत्रकार प्रमोद बबेले ने अस्पताल में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नवेंदु अग्निहोत्री, जगदीप रावत, सत्य प्रकाश तिवारी व दीपक गोस्वामी राधे उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद बबेले के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए इसे स्व. रामजी लाल तिवारी को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर तक सीमित नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम भी है, और आज का यह कार्य इसका प्रेरणादायक उदाहरण है।

---

### स्व. रामाशीष की अटेवा ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

# मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई व पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को भी दोहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ऑल टीचर्स, इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर अटेवा ने रविवार को पेंशन शहीद स्व.डा.रामाशीष सिंह की नवम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके बलिदान को याद किया।

सभी अटेवियंस द्वारा स्व.रामाशीष के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराया गया। इस दौरान अटेवा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हम सभी शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। इसी हेतु स्व.रामाशीष ने अपने प्राणों की आहूति दे दी। हमें उनके जीवन से अपने हक ओ.पी.एस.बहाली के लिए संघर्ष की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अटेवा इंदर सिंह, के.के.सिंह, अनिल यादव, प्रमोद पटेल, नवनीत, रियाज अहमद, हाकिम सिंह, प्रमोद सैनी, आदर्श रावत, विक्रम सिंह, विशाल गुप्ता, उदयवीर सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, जयंदर सिंह, मोहित बिसानी, पीयूष दीपांकर, डालचंद्र, हिमांशु पटेल, मिथलेश कुमार, अवनीश, विवेक सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, अरविन्द कुमार, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार, रामप्रसाद कुशवाहा, जाहर राजपूत, भीम कुमार, नवीन सिंह, वेद प्रकाश, शादाब खां, निखिल कुमार, पुष्पेन्द्र दोहरे, संजीव निरंजन आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाएंगे क्रिसमस पर आर्ट ऑफ लिविंग का खुशहाली शरद उत्सवः शर्मा



**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में एक बार फिर हैप्पीनेस प्रोग्राम खुशहाली कार्यक्रम होगा। उक्त बात आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के योगा टीचर सुबोध शर्मा विश्वास ने एक भेंटवार्ता में बतायी। सुबोध शर्मा ने अपनी बार को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उपहारों के पर्व क्रिसमस पर 6 दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम होगा, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता, संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के द्वारा सुसज्जित खुशहाली आयोजित किया जाएगा। इस पुनीत कार्यक्रम में योगा-प्राणयाम पद्मसाधना-ध्यान के साथ-साथ विश्व विख्यात दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। सुबोध शर्मा विश्वास ने कहा कि प्रतिदिन सुदर्शन क्रिया करने से आपके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आने लगते हैं। आपके बेहतर स्वास्थ्य के अलावा आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। आप चिंता और तनाव से मुक्त होने लगते है और आपके अन्दर बेहतर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। बताते चलें कि आगामी 20 से 25 दिसंबर तक खुशहाली कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण सुबह 7 से 9 बजे व शाम 5.30 से 7.30 बजे तक आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में उक्त कार्यक्रम प्रत्येक दो माह में आयोजित किए जाते हैं। परिणाम स्वरूप तमाम योग साधक नित्य सुदर्शन क्रिया करके अपने स्वास्थ्य में और अपने जीवन स्तर में निरंतर सुधार पा रहे हैं। यहां पर यह भी बताना आवश्यक है कि विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया संसार में 184 देशों में सिखाई जाती है और पूरे विश्व के लोग सुदर्शन क्रिया से होने वाले असर को अपने जीवन में महसूस कर रहे हैं।

---

### जो लोग फार्म भर रहे हैं वहीं मतदाता रहेंगे, शत प्रतिशत फार्म भरें

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें: कोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर समस्त जनप्रतिनिधि भी एस आई आर कार्य को सफल करवाने में जुटे हैं श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने विधानसभा महरोनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंट के बूथ संख्या 488,489,490 एवं ग्राम पंचायत निवाई के बूथ संख्या 389,390,391पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया एवं मतदाताओं से उनके सत्यापन की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें यह मान कर चलना चाहिए कि जो लोग फार्म भर रहे हैं वहीं मतदाता रहेंगे इसलिए शत प्रतिशत फार्म भरे जाना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष नगर इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत पाली मनीष तिवारी , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,मंडल अध्यक्ष पाली ब्रजेश राजपूत, पार्षद राम ,महामंत्री माधव पाठक , रवीन्द्र सिंह परमार आदि मौजूद रहे

---

## अब भी समय है, ऑन लाइन ऑफ लाइन आवेदन जमा करें

स्नातक विधायक निर्वाचन झाँसी - इलाहाबाद खण्ड क्षेत्र मतदाता बनने के लिए संबंधित विभाग या कर्मचारी से संपर्क करें जिससे आप स्नातक विधायक निर्वाचन में शामिल हो सके एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने अपनी बूथ संख्या-295 पर मतदाता क्रमांक- 188 पर मतदाता बनकर आम स्नातक युवाओं से अपील की वह भी स्नातक में मतदाता बनकर एक जागरूक नागरिक होने का उदाहरण प्रस्तुत करें अगर किसी कारण बस स्नातक के अंक पत्र/ प्रमाण पत्र को घर पर खोजने में आलस कर गये यदि नहीं तो निर्वाचन कार्यालय द्वारा निगत मतदाता सूची से अपना बूथ संख्या एवं मतदाता क्रमांक नोट कर रखें, इसके अभाव में स्नातक एवं शिक्षक विधायक निर्वाचन में मतदान करते समय काफी कठिनाई आती हैं। यदिआप अभी तक मतदाता बनने हेतु आप आन लाइन/ आफ लाइन आवेदन नहीं कर सकें या आवेदन के बाद भी किसी त्रुटि के कारण आपका नाम निर्गत मतदाता सूची में नहीं हैं तो आपके पास अब भी समय हैं, आप आन लाइन/ आफ लाइन आवेदन जमा कर मतदाता बन सकते हैं। किसी प्रकार की कठिनाई अनुभव करनें पर अपने स्नातक के अंक पत्र प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति तथा एक फोटू अपने पास रखें, और निम्न नम्बर पर फोन करें आपके पास मैं स्वयं या अपने किसी साथी को आपके पास भेज कर आपका फार्म भरवाने और जमा कराने में सहयोग कर सकते हैं.। जिन क्षेत्रो में स्नातक एवं शिक्षक दोनो निर्वाचन हैं वहाँ दोनो अलग अलग फार्म भरे जाना है। लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ सीटो पर दोनों तथा इलाहावाद- झाँसी सीट पर स्नातक व गोरखपुर- फैजाबाद व बरेली -मुरादाबाद सीटों पर शिक्षक विधायक निर्वाचन 2026 कुल ग्यारह सीटों पर निर्वाचन अगलें वर्ष सम्पन्य होना प्रतावित हैं।

हड़ताल पर अड़े सफाईकर्मियों को सत्तारूढ़ दल के पार्षदों ने मनाया

# वेतन नहीं मिलने पर नपा कर्मियों ने सड़क पर दिया धरना, मान मनोव्वल से माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन न मिलने की समस्या बदस्तूर जारी है। तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज नपा कर्मियों ने मंगलवार को आंदोलन करते हुए नगरपालिका के सामने गांधीचोक की सड़क पर धरना दे दिया। इसकी जानकारी मिलते ही सत्तारूढ़ दल के पार्षद और सीएमओ ने कर्मचारियों की मान मुनव्वल के बाद धरना समाप्त करा दिया। धरने में अधिकतर सफाई कर्मचारी ही शामिल थे जो धरने के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे रहे थे।

मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे के करीब नगर पालिका में एकत्रित हुए सफाई कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने पर नारेबाजी की और फिर सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठ गए। इसके बाद नपा कर्मचारी अपना धरना उठाकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर सड़क पर आ गए और बीच सड़क पर धरना देने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सड़क पर लगे जाम और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीएमओ और नगर पालिका के पार्षदों ने सफाई कर्मचारियों को समझाइश दी। इस दौरान नगर पालिका में सत्तारूढ़ दल के पार्षदों ने कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि वह उनका दो माह का वेतन एक-दो दिन में ही बनवाकर डलवा देंगे अगर वेतन नहीं डलेगा तो वह खुद उनके साथ सड़क पर उतरकर धरना देंगे और उनके द्वारा किए जाने वाले हर आंदोलन में उसके साथ रहेंगे इसके बाद कर्मचारियों ने दो दिवस में वेतन दिए जाने के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया।



### विधायक के डर से दौड़े-दौड़े पहुंचे पार्षद और सीएमओ

धरने पर सफाई कर्मचारियों ने विधायक बाबू जंडेल को फोन लगाकर समस्या बताई थी विधायक ने उन्हें बताया कि वह कांग्रेस की बैठक में बैठे हुए हैं जैसे ही बैठक समाप्त होगी वह धरने पर आकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे और नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी भी करेंगे। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पत्रकार भी धरने पर पहुंच गए लेकिन विधायक के आने से पहले ही बड़ी संख्या में भाजपा पार्षद मौके पर पहुंच गए जिन्होंने सफाई कर्मचारियों को सीएमओ के साथ समझाकर धरना समाप्त करा दिया। सूत्रों की माने तो इस मामले में नपा अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधियों ने पर्दे के पीछे से भूमिका निभाई।

### 72 लाख की टीटी मिली सिर्फ 8 लाख

नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की समस्या टीटी कम आना बताई जा रही है। ज्ञात हो कि नगर पालिका को चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में 72 लाख रुपए हर माह शासन से मिलते हैं। किन्ही कारणों के चलते विगत दो साल से टीटी की राशि कम आ रही है, जिसके वजह से नपा कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। इस माह सिर्फ 8 लाख रुपए टीटी आना बताई जा रही है जिसकी वजह से वेतन नहीं बन सका। अब दूसरी मद से कर्मचारियों का वेतन बनाकर वितरण करने के कवायत नगर पालिका द्वारा की जा रही है।

### इनका कहना..

सफाई कर्मचारियों ने बिना पूछे धरना दे दिया था उन्हें समझाकर धरना समाप्त करा दिया है। दो माह का वेतन दिया जा रहा है। टीटी कम आने की वजह से वेतन नहीं मिला है। टीटी इस बार सिर्फ 8 लाख आई है।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

तड़के पांच बजे कराहल थाना क्षेत्र में सिलपुरी रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा

# बोलेरो की टक्कर से अनियंत्रित हुई कार पेड़ से टकराई, पूर्व मंत्री के भानजे की मौत






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र स्थित सिलपुरी रोड पर मंगलवार की तडके पांच बजे एक कार बोलेरो की टक्कर लगने के बाद अनियंत्रित होकर सडक किनारे खडे पेड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार चला रहा पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के भानजे की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया।

हादसे की खबर मिलने के बाद कराहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। जहां पीएम के बाद मृतक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और टक्कर मारने वाली बोलेरो के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मुरैना जिले के टेंटरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मढेवा निवासी देवेन्द्र रावत 28 वर्ष पुत्र बीरपाल रावत प्रदेश के पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत का भानजा लगता है। देवेन्द्र रावत मंगलवार की तडके पांच बजे के आसपास अपने ही गांव के देव सिंह रावत के साथ जाखदा गांव से कराहल की ओर लौट रहे थे। तभी सिरसनवाडी के पास सामने से आ रही एक बोलेरो जीप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनियंत्रित हुई देवेन्द्र रावत की कार सडक किनारे खडे एक पेड से टकरा गई। इस दौरान कार चला रहे देवेन्द्र रावत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथ कार में बैठा देव सिंह रावत घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। मृतक युवक का जिला अस्पताल लाकर उसका पीएम कराया गया। पीएम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

# महिला को दिया तीन तलाक,कोतवाली पुलिस ने पति-सास पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के बगवाज गांव में रहने वाली एक मुस्लिम महिला को पति और सास ने दहेज के लिए प्रताडित करते हुए उसे तीन तलाक दे दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताडना और तीन तलाक का केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि बगवाज गांव निवासी महिला फकरून निशा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी 2006 में मोहम्मद समद के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके तीन पुत्र और चार पुत्रिया समेत सात संताने हो गई। पिछले दिनों पति और सास ने मुझे दहेज को लेकर प्रताडित किया और फिर मुझे तीन बार तलाक कहकर घर से निकाल दिया। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि महिला की शिकायत पर उसके पति मोहम्मद समद तथा सास बानो के खिलाफ दहेज प्रताडना और तीन तलाक का मामला दर्ज कर लिया है।

कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लगाया आरोप, की शिकायत

# पूरक परीक्षा दी, फिर भी कर दिया जानबूझकर फेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासकीय महाविद्यालय श्योपुर के वर्ष 2024-2025 की परीक्षा में पूरक आए प्रथम वर्ष,द्वितीय वर्ष,तृतीय वर्ष के कई छात्र छात्राओं ने मंगलवार को कुलसचिव महोदय जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के नाम एक शिकायत भेजकर आरोप लगाया कि पूरक परीक्षा में शामिल होने के बाद भी उन्हें जानबूझकर फेल कर दिया गया है।

शिकायत करने वाले छात्र छात्राओं का कहना है कि उन्होने पूरक परीक्षा में आए प्रश्नों को अच्छे से हल किया और उन्हें पास होने का पूरा विश्वास भी था,इसके बाद भी उनकी पूरक परीक्षा के रिजल्ट के दौरान वहीं अंक दिए गए है,जो मुख्य परीक्षा में आए थे। ऐसे में अंदेशा है कि हमे फेल करने के लिए पूरक परीक्षा के अंको को जोडा नहीं गया है। अभिषेक मीणा बमोरी,केशव मीणा, मनीष गुर्जर, आरती मीणा, देवेन्द्र मीणा आदि कई छात्र छात्राओ ने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में संशोधन कर पुनःपरीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है।

# आदिवासियों ने घेर ली कलेक्ट्रेट सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कराहल विकासखंड से आए आदिवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में वर्षों से जिस भूमि पर काबिज़ होकर बसे हुए हैं उसके स्वामित्व के अधिकार देने की मांग की गई है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख है कि ग्राम मसावनी गांव में रहने वाला आदिवासी समुदाय भूमिहीन है और ग्राम में स्थित वन भूमि को अपनी मेहनत मजदूरी से रहने लायक बनाया है वहीं सारसिल्ली नामक भूमि को अथक मेहनत से कृषि के लिए उपजाऊ बनाया है। इस भूमि के अतिरिक्त आदिवासी समुदाय के पास अन्य कोई भूमि नहीं है, ओर उनके परिवार की आजीविका का यही एक मात्र साधन है। जिस पर आदिवासी समुदाय खेती करके अपने परिवार का जीवन यापन करते है। उक्त भूमि पर आदिवासी समुदाय अपने पूर्वजों के जीवन काल से लगभग 40 45 सालों से काबिज होकर खेती करते चले आ रहे है। लेकिन यह यह जमीन शासकीय अभिलेखों में वन भूमि दर्ज है। चूंकि आदिवासी अशिक्षित या कम पढ़े लिखे हैं जिससे वह अपने उपयोग में आने वाली इस भूमि पर अपना नाम नहीं चढ़ावा सके हैं। आदिवासियों को वन कर्मी आय दिन भूमि का कब्जा छोड़ने की धमकी देते रहते हैं जिससे संघर्ष की स्थिति निर्मित होती जा रही है। ऐसे जातीय संघर्ष को रोकने और गरीब आदिवासियों को जमीन पर अधिकार देने के उद्देश्य से वन अधिकार पत्र (भूमि पट्टा) दिया जाना जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में सोनू आदिवासी, राजू आदिवासी, भोलाराम, कपुरिया आदिवासी आदि शामिल रहे।

### तीन आरोपियों को छह-छह माह का सश्रम कारावास

**श्योपुर।** दलित युवक के साथ दो साल पहले मारपीट करने वाले तीन आरोपियों देवेन्द्र उर्फ देवा रावत,उपेन्द्र रावत, झगड सिंह रावत निवासी तेलीपुरा को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने छह छह माह के सश्रम कारावास और एक एक हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि यह विवाद 13 फरवरी 2023 को वीरपुर थाना क्षेत्र के तेलीपुरा के हार का है।

सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के तहत नप का जागरुकता अभियान आयोजित

# लापरवाह दुकानदारों पर पॉलीथिन जब्ती के साथ किया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



धरती को प्रदूषण मुक्त बनाने की सोच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के क्रम में मंगलवार को नगर परिषद बड़ौदा के कर्मचारियों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जहां लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले वातावरण प्रदूषण के बारे में समझाइश दी वही लापरवाह दुकानदारों के यहां पॉलीथिन जब्ती करने के साथ-साथ उन्हें जुर्माना से दंडित भी किया।

मंगलवार को बड़ौदा के बाजार में निकले नगर परिषद बडौदा के कर्मचारियों ने हाथ में बैनर लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के बारे में लोगों को समझाइश दी और एक रैली का आयोजन भी किया इस दौरान उन्होंने पॉलिथीन से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहां के पॉलिथीन पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इससे जल स्त्रोतों को भी खतरा है और यह कृषि भूमि की उपजाऊ क्षमता को भी खत्म कर रही है साथ ही इसे जानवरों खासकर गौवंश के लिए यह मौत का कारण बन रही है। नप कर्मचारियों ने जनहित में पॉलिथीन का बहिष्कार करने का अपील भी की रन इस दौरान बागर तिराहा से लेकर अनाज मंडी गेट तक पॉलीथिन रखने हेतु दुकानदारों पर 2200 रुपए के जुर्माना किया गया। जिसमें नगर परिषद बड़ौदा के संविदा उपयंत्री, स्वच्छता प्रभारी, एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्योपुर की दीक्षा को कथक में पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर जिले की निवासी दीक्षा साहू ने शास्त्रीय नृत्य कथक में "गणित का प्रयोगः एक विवेचनात्मक अध्ययन" विषय पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। दरअसल दीक्षा ने कथक विषय में एमए और 8 वर्षीय डिप्लोमा किया है।

इसके पूर्व भी उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। पीएचडी की उपाधि उन्होंने राजस्थान स्थित बनस्थली विश्वविद्यालय से कुलपति प्रो. डॉ. इना शास्त्री के मार्गदर्शन में हासिल की। यहां बताना होगा कि दीक्षा, शिक्षक कन्हैया लाल राठौर की पुत्रवधू एवं आयकर निरीक्षक यमुनैश राठौर की पत्नी हैं। दीक्षा की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित नाते रिश्तेदारो और शुभ चिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

जनसुनवाई में बुलाकर दी नई ट्राइसिकिल और सहायता राशि

# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दिव्यांग महिला को मिला सहारा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड के कीजरी गांव में जिस महिला का वीडियो टूटी फूटी ट्राइसिकल को उसके नाबालिग बेटे द्वारा धक्का देते हुए वायरल हुआ था उस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा संज्ञान लेने के बाद दिव्यांग महिला को मंगलवार को जनसुनवाई में नई ट्राइसिकल और रेड क्रॉस सोसाइटी से 5000 रुपए नगद सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

दरअसल सोमवार को कीजरी गांव में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें एक नाबालिक बेटा उसकी दिव्यांग मां को टूटी-फूटी ट्राइसिकल पर धक्का लगाता दिखाई पड़ रहा था। ट्राइसिकल इतनी टूटी फूटी थी कि बच्चों को धक्का लगाने के लिए बहुत शक्ति लगानी पड़ रही थी। वीडियो में दिव्यांग मां और बेटे की लाचारी को दर्शाया गया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर कीजरी के ग्राम पंचायत सचिव दिव्यांग महिला और उसके बेटे को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे जहां जनसुनवाई के माध्यम से संबंधित महिला का आवेदन लगाने के बाद उसे जनसुनवाई कर रहे एडीएम रूपेश उपाध्याय ने नई ट्रायसिकल और रेड क्रॉस सोसाइटी से 5000 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या इस तरह की सहायता तभी मिलेगी जब टीवी चैनल, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर मामला उजागर होगा। ऐसे में फिर पंचायत में सचिव और दूसरे मैदानी अमले के होने न होने का क्या औचित्य है।

### जनसुनवाई में सुनी 139 लोगों की फरियाद

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपनी परेशानी लेकर आए 139 लोगों की समस्या सुनते हुए उनका समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में एडीएम रूपेश उपाध्याय ने ग्राम जानपुरा निवासी रामसिया बाई को पति की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने हेतु ईपीओ जारी करने के निर्देश दिये।इसके साथही महिला रामसिया बाई द्वारा पति स्व. मलखान सिंह बैरवा की मृत्यु होने से उक्त योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। जबकि भीम बैरवा निवासी पाण्डोला ने अवगत कराया था कि खाद्यान पर्ची जनरेट नही होने से राशन नही मिल पा रहा है। इस पर तत्काल ही फूड विभाग के माध्यम से खाद्यान पर्ची जनरेट कराकर आवेदक को उपलब्ध कराई गई, जिससे हर माह पीडीएस के तहत खाद्यान का लाभ मिलेगा

4 बस, 30 कारों से 13 को श्योपुर से होंगे रवाना

# राहुल गांधी की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में शामिल होने दिल्ली जाएंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली राहुल गांधी की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने के लिए श्योपुर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी दिल्ली पहुंचेंगे। इस संबंध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें चार बसें और 30 फोर व्हीलर वाहनों के माध्यम से कांग्रेसियों को दिल्ली ले जाने पर सहमति जताई गई।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने बताया कि 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली में शामिल होने के लिए 13 दिसंबर की शाम श्योपुर से कांग्रेसी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था कैसे होगी इस संबंध में तय किया गया कि जो लोग संगठन में बड़े पदों पर रहते हैं या रह रहे हैं उनका दायित्व है कि वह ऐसे आयोजनों में श्रमदान के साथ-साथ धन-दान भी करें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जन प्रतिनिधियों को इंगित करते हुए कहा कि जनता ने आपको जो मान सम्मान दिया है वह मान सम्मान पार्टी की वजह से है पार्टी के लिए आपको भी कुछ करने की जरूरत है। इस पर श्योपुर विधायक बाबू जंडेल और विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने अपनी ओर से दो-दो बसों में कार्यकर्ताओं को बैठाकर दिल्ली ले जाने की सहमति जताई, साथ ही अन्य नेताओं ने भी अपने हिसाब से फोर व्हीलर वाहन ले जाने की स्वीकृति दी। कुल 30 फॉरविलर वाहनों की स्वीकृति नेताओं के माध्यम से मिली है जिसमें कार्यकर्ताओं को बैठाकर दिल्ली ले जाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राजनैतिक दलों की बैठक 10 दिसम्बर को

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य किया जा रहा है।विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ 10 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### मप्र राज्य खाद्य आयोग का जिले में भ्रमण 18 दिसंबर को

**अशोकनगर।** म.प्र. राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा द्वारा 18 दिसंबर को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष मल्होत्रा 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 02 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

### दो बाईक आपस में टकराई, दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ठेका जोड के पास ईसागढ रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में दोनो बाईक सवारों को चोटें आई हैं। एक पक्ष की ओर से सोहिल खान निवासी पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सामने से बाईक के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मुलायम पुत्र मालम आदिवासी निवासी इमझेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासी हावीर सिक्ख के पास से पुलिस 12 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने भैंसा निवासी धर्मसिंह केवट के पास से हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ईदोर निवासी अनिल यादव के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस पुलिस ने मीरकाबाद निवासी धनराज सांसी से 5 लीटर और रूमाबाई सांसी निवासी गुर्जर मोहल्ला से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायडे कॉलोनी निवासी बंटी शर्मा उम्र 50 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र शुभम शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी देवेन्द्र श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारतभूषण और अर्चना श्रीवास्तव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। रिक्त पंच एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा जनपद पंचायतों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत पंच पद के लिए प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर भारतेन्दु यादव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार अशोकनगर(वृत्त कचनार) शम्भु सिंह मीणा तथा नायब तहसीलदार शाढौरा कार्तिकय मुगदल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत पंच पद हेतु प्रभारी तहसीलदार ईसागढ़ रोहित रघुवंशी को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया।

## खजुराहो में आयोजित की गई मंत्रि-परिषद की कैबिनेट बैठक

# बीना को 100 बिस्तर के अस्पताल की मिली सौगात, मरीज नहीं होंगे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खजुराहो में आयोजित मंत्रि-परिषद की कैबिनेट बैठक में विधानसभा की वर्षों से लंबित 100 विस्तरीय अस्पताल की मांग अब पूरी हो गई है। यह निर्णय मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की स्वीकृति के बाद संभव हो पाया है, जिसमें विधायक निर्मला सप्रे की लगातार पहल और दृढ़ संकल्प की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गौरतलव है कि बीना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लंबे समय से अत्यंत दयनीय है। अस्पताल की इमारत जर्जर, व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई है और विभिन्न विभागों में न स्टाफ है और न ही आवश्यक सुविधाएं। रोगियों को इलाज के लिए दूर-दराज जाना पड़ता था। यह मुद्दा लगातार जनता द्वारा उठाया जाता रहा। 100 विस्तरीय अस्पताल बनने के बाद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त मिलेगी।



### विधायक ने रखी थी मांग

9 सितम्बर 2024 को आयोजित बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम में विधायक निर्मला सप्रे ने मंच से मुख्यमंत्री मोहन यादव से बीना में 100 बिस्तरीय अस्पताल की मांग रखी थी। मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि मांग पर गंभीरता से विचार होगा। मांग पूरी होने से पूरा क्षेत्र उत्साह और विश्वास से भरा हुआ है।

### बेहतर चिकित्सा की नींव

बीना लंबे समय से जिला बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अस्पताल की स्वीकृति से बीना की इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षमता मजबूत होगी, जिसे क्षेत्र के भविष्य के विकास की आधारशिला माना जा रहा है। लोगों का मानना है कि जब बीना जिला बनेगा, तब आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा और प्रशासनिक संसाधनों की उपलब्धता तैयार रहेगी।

### क्षेत्रवासियों ने की सराहना

इस ऐतिहासिक निर्णय पर क्षेत्र में उत्साह है। समाज के प्रमुख नागरिकों ने विधायक निर्मला सप्रे के कार्यों की प्रशंसा की। सुरेंद्र ठाकुर ने कहा विधायक निर्मला सप्रे ने लोगों की तकलीफ समझी और परिणाम लाकर दिखाया। पंचम विश्वकर्मा ने कहा यह बीना की मूलभूत सेवाओं की प्रमुख मांग थी।100 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण बीना जिले की भावी संरचना को मजबूत करेगा।

### विधायक ने जताया आभार

अस्पताल स्वीकृति पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा यह हमारे क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं पूरे विधानसभा क्षेत्र की तरफ से मुख्यमंत्री मोहन यादव और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का हृदय से धन्यवाद करती हूं। यह निर्णय बीना के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देगा और आने वाले वर्षों में इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

## रात्रि गश्त में लगे बल को चैक किया

# एसडीओपी पिछोर ने रात्रि में थाना भौंती का औचक निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंती

भौंती थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुये की जा रही कार्यवाहीयों के संबंध मे निर्देश दिये रात्रि के समय पुलिस गस्त अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण व कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 06-07.12.2025 की रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा थाना भौंती का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त को चैक करते हुये थाने का औचक निरीक्षण कर निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये। रात्रि ड्यूटी में आरक्षक पीकेश थाने पर उपस्थित मिले एवं बुलाने पर थाना प्रभारी आये। थाने की हवालात में कोई बंदी नहीं पाया गया। थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर चेक कर टीप अंकित की गई। रात्रि गश्त में लगे बल को सतर्कता से गश्त करने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया। शत प्रतिशत वारंट तामीली के लिये निर्देशित किया। अवैध गतिविधियों मे संलिप्त लोगों पर कार्यवाही के लिये बताया। थाने के सभी सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुना अशोकनगर सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा रेलवे फाटक से पहले डेढ से दो किलोमीटर का हिस्सा घटनाओं का हब बनता जा रहा है। यहां एक के बाद एक कईं घटनाएं हो रही हैं। बीती रात फिर एक घटना हुई यहां सड़क हादसे में एक 45 वर्षीय बाईक चालक धर्मेन्द्र अहिरवार की मौत हो गई। चक्क चिरौली निवासी धर्मेंद्र पिता हरिराम अहिरवार अशोकनगर स्थित एक वेयरहाउस में काम कर घर लौट रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। यह घटना रात करीब 10:30 बजे के करीब हुई। हादसे के बाद धर्मेंद्र को एंबुलेंस से शाढ़ौरा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी शिनाख्त हुई। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। सोमवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर रविवार दोपहर 2 बजे भी एक अन्य सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें एक कार ने पीछे से दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में भी एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। एक ही दिन में एक ही जगह पर दो बड़े हादसे सामने आए हैं। यह वहीं स्पॉट है जहां अशोकनगर से 20 लाख रूपए लेकर जा रहे शाढ़ौरा के व्यापारी नीरज साहू के साथ लूट की घटना हुई थी। यह स्थान अब घटना दुर्घटनाओं का हब बनता जा रहा है। एक के बाद हुई 3 घटनाओं के बाद यहां इस तरह की घटनाओं को रोकने की जरूरत है। सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कहीं ऐसा तो नहीं है कि चालक शराब पीकर वाहन चला रहे हों।

### पुलिस पेट्रोलिंग की मांग

गुना-अशोकनगर सड़क मार्ग साधारण नहीं है यह दो जिलों को जोड़ने वाला मार्ग है यहां 24 घण्टे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। बीच में रेल का फाटक भी पड़ता है ऐसी स्थिति में आए दिन होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए शाढ़ौरा से अशोकनगर के बीच दिन में और रात में पुलिस पेट्रोलिंग की आवश्यकता है। फाटक से शाढ़ौरा तक का रास्ता सिर्फ 2 किलोमीटर है और फाटक से अशोकनगर का रास्ता 12 किमी के हिस्से में 7 किमी हिस्सा सबसे खतरनाक है।

### स्मृति उद्यान के पौधों में याद रहेंगी मां की यादें

**ईसागढ।** ग्राम पंचायत तिघरा के ग्राम चक्क बानोरा में वीर सिंह जाट,सत्येंद्र जाट, की पूज्य माताजी की तेहरवी में सतपाल सिंह जाट ने आंवला,अशोक,अनार,गुलाब सहित फल व छायादार पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण हेतु युवा श्रद्धांजली एवं समाजजनों के साथ स्मृति स्वरूप पौधा भेंटकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु मौन धारण कर व्हाटसअप से चिट्ठी स्वीकार करने का निर्णय लिए,अखिल भारतीय जाट महासभा युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह जाट, कार्यकारिणी सदस्य दीपक जाट चक्कबानोरा,,हंसराज सिंह करोंदी जाट ,मोनू जाट तिघरा,सरजीत सिंह जाट जोलन,सरपंच ग्राम पंचायत भगवानपुर सुमन अर्जुन सिंह जाट, सरपंच ग्राम पंचायत तिघरा छाया अजय जाट, वरिष्ठ नागरिक रमेश सिंह जाट चक्क बानोरा उपस्थित हुए, सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# थाना पिछोर पुलिस ने शादी समारोह में हर्ष फायर करने पर किया अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिछोर

पिछोर थाने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूद्ध जीरो टोलरेंस अपनाने के लिये निर्देशित किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पिछोर पुलिस को दिनांक 30.05.25 को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 27/28.05.25 की दरम्यानी रात शादी समारोह में आरोपी द्वारा एक दुनाली बंदूक से हर्ष फायर किया गया जिससे आमजन का जीवन संकट में पड गया हर्ष फायर का वीडियो भी वायरल हुआ था जिस पर थाना पिछोर पर अप.क्र. 320/25 धारा 125 बीएनएस का कायम किया गया था दौराने विवेचना प्रकरण में इजाफा धारा 25, 27, 30 आर्म्स एक्ट की गई एवं आरोपी के कब्जे से एक लायसेंसी दुनाली टोपीदार बंदूक को जप्त किया गया तथा एक आरोपी से बंदूक का लायसेंस जप्त किया गया है।

**लाइसेंसी बंदूक जब्त वैधानिक कार्यवाही**

## लूटा गया 2 लाख रुपए का सोना, चांदी बरामद

# ग्राम खैजरा अटारी में हुई डकैती का पर्दाफाश कर, दो मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में विगत दिनों ग्राम खेजरा अटारी थाना शाढौरा अंतर्गत हुई डकैती के 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 04 नबंवर को फरियादी महेन्द्र यादव पुत्र भगवान सिंह यादव उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम अटारी खेजरा, थाना शाढौरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 03 नबंवर की रात लगभग 01.30 से 02.00 बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके घर से कुछ नगद राशी एवं आभूषण आदि लूट कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाढौरा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अपराध की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। विशेष जांच टीम द्वारा विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराध में शामिल आरोपियों हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर, मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर, रमेश गुर्जर पुत्र धीरज सिंह गुर्जर सहित अन्य व्यक्ति को चिन्हित किया गया था।

इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर उम्र



25 साल, हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर उम्र 27 साल सर्व निवासीगण चिंता का डेरा ग्राम विरयाई थाना कुंभराज जिला गुना को भामावद चैकी जिला गुना से जब आरोपीगण डकैती के माल को लेकर बेचने जा रहे थे उस समय अलसुबह आरोपीगण को पुलिस टीम द्वारा धर दबौचा और डकैती गया माल मशरूका जप्त किया।

शाढौरा थाना पुलिस ने सक्रिय एवं सतर्क कार्यवाही कर उक्त दोनों अज्ञात आरोपीगण मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर उम्र 25 साल, हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर उम्र 27 साल सर्व निवासीगण चिंता का डेरा ग्राम विरयाई थाना कुंभराज जिला गुना को गिरफ्तार कर चोरी व लूटे गये माल मशरूका सोने व चांदी के जेबरात कुल कीमती 02 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया है जो थाना क्षेत्र में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम की ओर कदम बढाकर जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बनाने में सराहनीय कार्य किया है।



### कॉलेज के दल ने उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण किया

**अशोकनगर।** उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएमश्री कॉलेज शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर के दल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया। इस दल द्वारा लगातार हायर सेकेण्ड्री स्कलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश को सुगम बनाने और शासन की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल अधिकारी डॉ. नवीन पटवा ने अध्यादेश 14, 1 की विस्तार से जानकारी दी। मैजर माइनर एवं एमजीसी चयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। डॉ. योग्यता भार्गव ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान गंगा परम्परा प्रकोष्ठ एवं अन्य छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. जेपी अहिरवार ने एमएसएस योजना की जानकारी प्रदान की। एनसीसी के कैडटस की जानकारी दी। गौरीशंकर गुप्ता ने पुस्तकालय संबंधी जानकारी प्रदान की। अरबिन कौशिक ने वाणिज्य संकाय एवं अन्य जानकारियां प्रदान कीं। इस मौके पर गणित,विज्ञान एवं कला संकाय के 65 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं के बीच दिव्यांग शिविर नहीं मिली व्हील चेयर की व्यवस्था

**ईसागढ़।** जनपद पंचायत परिसर ईसागढ में दिव्यांग, वरिष्ठजनों का परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला अशोकनगर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ईसागढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अस्थिवाधित 157, दृष्टिबबाधित 11, मानसिक 2 ,श्रवण बाधित 23, एवं 197 बृद्धजनों नें पंजीयन कराया। शिविर में कुल 390 वृद्ध एवं दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ जिनका एलिम्को की टीम नें परीक्षण कर 120 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को कृतिम अंग उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हांकन किया।



जिसमें विभिन्न उपकरण वेटरी वाली ट्राईसाईकिल, बैशाखी, कान की मशीन, चश्मा, कमर बेलट, व्हीलचेयर सहित दिव्यागों को सुगम और वाधामुक्त वातावरण के साथ दैनिक जीवन में उपयोगी उपकरण प्रदान करने हेतु परीक्षण किया, ,शिविर का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष महादेव सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह रघुवंशी, लखन सिंह रघुवंशी जिला कार्यकारिणी सदस्य सहित एसडीएम त्रिलोचन सिंह गौड़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजेंद्र प्रजापति, पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे,सामाजिक सुरक्षा अधिकारी योगेश सिंह राजपूत एवं डीडीआरसी स्टाफ सहित ड्यूटी में लगाए गए जनपद पंचायत ईसागढ का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे,मंच संचालन सतपाल सिंह जाट ने किया। यहां जो अव्यवस्था देखने मिली वो यह की विकलांग अपने पंजीयन के लिए जब पहुंचे तो वहां तक के लिए व्हील चेयर उपलब्ध नहीं की गई जिससे विकलागों को जमीन पर घिसटते जाना पड़ा दूसरी ओर जो ग्रामीण क्षेत्र से करीब 50 किलोमीटर दूरी से सुबह से निकले उनके लिए इस बार भोजन पैकेट की कोई व्यवस्था नहीं की गई केवल चाय बिस्किट देकर खाना पूर्ति की गई। तीसरी अव्यवस्था यह है कि दिव्यांगों के जो सर्टिफिकेट बनाए गए है,उनमें चिकित्सकों द्वारा विकलांग सार्टिफिकेट में कम प्रतिशत का बनाया जिससे वो उपकरण लेने से वंचित और यूआईडी कार्ड का अपडेट नहीं होना जिससे कई विकलांग का आना उनकी परेशानी बनी साथ ही दिव्यांग शिविर का पंचायतों में सही से प्रचार प्रसार नहीं होना और वहां के सचिवों द्वारा सही जानकारी ना देना अव्यवस्था का मुख्य कारण रहा है।

नकद इनाम घोषित कर बनी विशेष टीम की बड़ी सफलता

# 20 लाख की सनसनीखेज लूट का खुलासा, एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

3 दिसंबर को गुना-अशोकनगर रोड पर नगऊखेड़ी तिराहा और रेलवे फाटक के बीच चार अज्ञात ए बदमाशों ने शाढ़ौरा निवासी नीरज साहू से 20 लाख रुपये की लूट के को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 5 दिसंबर को मुख्य आरोपी राजा भदौरिया को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने अपने साथी आरोपियों के नाम उजागर किए। जिनमें शिवा उर्फ शिवकुमार रघुवंशी, जसरथ उर्फ सोनू मीना,



गोलू उर्फ राहुल मीना और अनिकेत मीना बताए थे।

इसके बाद टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर तंत्र के माध्यम से दूसरे आरोपी अनिकेत मीना (25), निवासी उमरिया कला, जिला गुना को 8 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से साथी आरोपियों द्वारा दिए गए 10 हजार रुपये भी बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले रैकी कर सुनियोजित तरीके से सामूहिक लूट को अंजाम दिया, जिस आधार पर धारा 111 बीएनएस भी जोड़ी गई। शेष फरार आरोपियों और लूटे गए पूरे सामान की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार समस्त योजनाओं में शत प्रतिशत प्रगति लाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जाये।




प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में लंबित किश्तों का प्रदाय कर अपूर्ण आवासो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। जिन हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राशि प्राप्त कर ली है और आवासों का निर्माण नही किया गया है,उन हितग्राहियों से राशि की वसूली की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवासों की स्वीकृति प्राप्त हो गई है,उन हितग्राहियों को किश्त प्रदाय कर आवास निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभांवित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी)घटक के अंतर्गत नगर पालिका अशोकनगर एवं चंदेरी में मल्टी निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस)के अंतर्गत पात्रता की पहचान कर 01 सितम्बर 2024 के उपरांत बैंकों द्वारा स्वीकृत आवासीय ऋण के पात्र हितग्राहियों को अधिकतम राशि 1.80 लाख प्रति आवास अनुदान प्रदाय किया जा रहा है, योजना का प्रचार प्रसार कर लक्ष्य अनुसार प्रगति करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहरी क्षेत्र के गरीबों के लिये अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंक ऋण राशि 15 हजार एवं जमा करने पर 25 हजार और यह जमा करने पर 50 हजार बगैर ब्याज के प्रदाय करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये गये।